दिन– गुरूवार दिनांक– 26 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान आज सीतामढ़ी और शिवहर जिले का करेंगे दौरा। सीतामढ़ी में रीगा चीनी मिल का करेंगे उद्‌घाटन।

02. आज वीर बाल दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का करेंगे शुभारंभ।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धियों के लिए सत्रह बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी। बिहार से गोल्डी कुमारी और सौरभ कुमार होंगे सम्मानित।

4. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान बक्सर, औरंगाबाद, पटना, लखीसराय और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में सीतामढ़ी और शिवहर जिले का दौरा करेंगे। हमारे सीतामढ़ी संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री रीगा चीनी मिल का शुभारंभ करेंगे।

–––रिपोर्ट–––

मुख्यमंत्री अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में सीतामढ़ी के लोगों को रीगा चीनी मिल के रूप में एक बहुप्रतिक्षित उपहार देंगे। 1932 में स्थापित रीगा चीनी मिल जनवरी 2021 में बंद हो गई थी। कर्नाटक की कंपनी नूरानी शुगर लिमिडेट ने इसे अधिगृहित किया है। वर्तमान में मिल की पेराई क्षमता 40 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। मुख्यमंत्री का चीनी मिल प्रबंधन और गन्ना किसानों से संवाद का भी कार्यक्रम है। श्री कुमार जिले के मनियारी गांव में जल, जीवन हरियाली कार्यक्रम के तहत विकसित तालाब, ध्यान केन्द्र और ओपन जिम का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वे सीतामढ़ी समाहरणालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

इधर, शिवहर से हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री जिले में एक सौ सत्तासी करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

–––रिपोर्ट–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शिवहर जिले के पिपराही प्रखंड के मसौढ़ा पंचायत में नवनिर्मित पंचायत भवन, अमृत सरोवर, पोषण वाटिका, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई समेत विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे। साथ ही वे सदर अस्पताल परिसर में मातृ शिशु अस्पताल, जीएनएम स्कूल, एससी–एसटी छात्रावास और शिक्षा विभाग के तहत विभिन्न स्कूलों भवनों के निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे। इसके

अलावा श्री कुमार शिवहर प्रखंड कार्यालय के पास बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के नए भवन सहित कई योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न विकास योजनाओं की स्थिति जानेंगे और लोगों की समस्याओं से भी अवगत होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

---

आज वीर बाल दिवस है। यह दिन गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों के साहस के सम्मान की याद में मनाया जाता है। वर्ष दो हजार बाईस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छब्बीस दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस अवसर पर श्री मोदी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रव्यापी उत्सव में भाग लेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि वीर बाल दिवस पर विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

–––बाईट–––

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ करेंगे। जिसका उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को मजबूत कर इसके परिणामों में सुधार करना है। वीरबाल दिवस के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और राष्ट्र के प्रति साहस और समर्पण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए देश में कई पहल की जाएगी। माइ गॉव और माय भारत पोर्टल के माध्यम से प्रश्नोत्तरी सहित ऑनलाइन प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इसके अलावा विद्यालयों, बाल देखभाल संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों में कहानी सुनाना, रचनात्मक लेखन और पोस्टर बनाना सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में सात वर्गों में असाधारण उपलब्धियों के लिए सत्रह बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी। पुरस्कृत होने वाले बच्चे चौदह राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से हैं। सरकार कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में बच्चों की उपलब्धियों के लिए बाल पुरस्कार प्रदान करती है। सम्मानित होने वाले बच्चों में बिहार के दो बच्चे शामिल हैं। नालंदा जिले के हरनौत की गोल्डी कुमारी को और शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय के सौरभ कुमार को बाल पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। गोल्डी कुमारी ने थाइलैंड में हुए विश्व एबिलिटी पारा यूथ गेम्स में स्वर्ण समेत तीन पदक अपने नाम किया था। वहीं, सौरभ कुमार ने अपनी जान की बाजी लगाकर तीन बच्चों को डूबने से बचाया था। पुरस्कृत होने वाले हर बच्चे को पदक, प्रमाण पत्र और संदर्भ पुस्तिका दी जाएंगी।

---

गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकलने वाली झांकी में बिहार के छठ पर्व और जल–जीवन हरियाली मिशन से जुड़ी झांकी को केंद्र सरकार ने

सैद्धांतिक रूप से सहमति दे दी है। आठ वर्षों के बाद गणतंत्र दिवस की परेड में बिहार की झांकी दिखेगी।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सभी थानों को कम से कम दो मोस्ट वांटेड अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव तैयार कर इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सभी थानों को अपने–अपने क्षेत्र के वैसे कुख्यात अपराधियों की पहचान करने के लिए कहा गया है, जिन्होंने अपराध की बदौलत काफी संपत्ति जमा कर ली है। इन अपराधियों ने स्वयं या अपने परिजनों के नाम पर जो भी संपत्ति जमा की है, सभी की जांच कर जब्ती की जाएगी।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्र सरकार से नेपाल के पशुपतिनाथ धाम से झारखंड के देवघर तक एक्सप्रेस–वे का निर्माण करवाने की मांग की है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र में श्री चौधरी ने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि नवम्बर महीने में राज्य के अड़तीस आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया है। श्री पांडेय ने बताया कि इस महीने भी मूल्यांकन जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों का प्रमाणीकरण करवाना है, ताकि लोगों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने विभागीय योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर सभी अचंलों की रैंकिंग जारी की है। रैंकिंग में सीवान के हसनपुरा अंचल कार्यालय को पहला स्थान मिला है। वहीं, दूसरे स्थान पर बांका जिले का डुल्लीफुमर और तीसरे स्थान पर वैशाली जिले का पातेपुर प्रखंड है।

---

डाक विभाग प्रदेश की हर पंचायत के दो गांवों को बीमा ग्राम के रूप में विकसित करेगा। बिहार डाक सर्किल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने बातया कि चिन्हित गांव में घर–घर जाकर सभी लोगों से बीमा करवाने का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना के अंतर्गत न्यूनतम दस हजार रूपये और अधिकतम दस लाख रूपये तक का बीमा होगा।

---

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार सत्ताईस से उनतीस दिसम्बर तक बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, पटना, गया और अरवल समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में बारिश के आसार हैं।

–––बाईट–––

---

बिहार लोक सेवा आयोग कार्यालय के पास आंदोलन के लिए जा रहे अभ्यर्थियों पर देर शाम पुलिस ने ललित भवन के पास लाठीचार्ज किया। इस दौरान मची भगदड़ में गिरने से कई अभ्यर्थी घायल हो गए। इस घटना के कारण नेहरू पथ पर लगभग आधे घंटे तक अफरा–तफरी का माहौल रहा। गौरतलब है कि सत्तरवीं बीपीएससी की पीटी को रद्द कराने की मांग को लेकर सैकड़ों अभ्यर्थी पिछले आठ दिनों से गर्दनीबाग में धरना पर बैठे हैं।

---

सत्तरवीं बीपीएससी पीटी के प्रश्नपत्र लीक की अफवाह मामले में पटना पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस भेजा है। पुलिस ने उन लोगों के अकाउंट के बारे में आधिकारिक जानकारी मांगी है जिन पर प्रश्नपत्र लीक से संबंधित बात लिखी गई थी।

---

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, सीपीआई का शताब्दी वर्ष समारोह आज से पटना में शुरू हो रहा है। यह समारोह एक वर्ष तक चलेगा। पार्टी के राज्य सचिव राम नरेश पांडेय ने बताया कि समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा, राष्ट्रीय सचिव

पल्लव सेन गुप्ता और नागेंद्र नाथ ओझा समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शताब्दी समारोह सभी शाखाओं, अंचलों और जिला मुख्यालयों में आयोजित किया जाएगा।

---

पर्यटन विभाग और जहानाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आज से मखदुमपुर में वाणावर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। महोत्सव में बॉलीवुड की जानी–मानी गायिका भव्या पंडित और जौली मुखर्जी समेत कई स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

---

सहरसा के खेल भवन में सत्तरवां राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न हो गया। प्रतियोगिता में बाईस जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। स्थानीय विधायक आलोक रंजन ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

---

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के बांसडीह जंगल से पुलिस ने तीन किलो का एक प्रेशर आईडी बरामद किया है। बम निरोधक दस्ता ने बम को डिफ्यूज कर दिया।

---

दानापुर रेल मंडल के बिहिया रेलवे स्टेशन के पास एक ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई।

---

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व के मंगुराहा वन क्षेत्र में एक बाघ ने गाय पर हमला कर दिया, जिसमें गाय की मौत हो गई।

---

पटना पुलिस में अंतर जिला चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पंद्रह लाख रुपए और पचास लाख रुपए मूल्य के जेवरात बरामद किए गए।

---

बिहार एसटीएफ और मधेपुरा पुलिस की टीम ने जिले के कुख्यात अपराधी अशोक यादव को चौसा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पटना के अंदर–बाहर भीषण जाम से जनजीवन हलकान।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश को प्रमुखता देते हुए लिखा है –जब्त लैपटॉप और मोबाइल का डाटा नहीं ले सकती है ईडी।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है –बिहार में नौ एथेनॉल फैक्ट्री खुलेगी, पचास हजार लोगों को मिलेगा रोजगार।

प्रभात खबर ने लिखा है– राज्य में महिला संवाद कार्यक्रम पंद्रह जनवरी से होगा शुरू। सत्तर हजार जगह पर संवाद कर महिलाओं से पूछा जाएगा विकास का फार्मूला।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है – पाकिस्तान आर्मी की बांग्लादेश में एंट्री।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान आज सीतामढ़ी और शिवहर जिले का करेंगे दौरा। सीतामढ़ी में रीगा चीनी मिल का करेंगे उद्घाटन।

02. आज वीर बाल दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का करेंगे शुभारंभ।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धियों के लिए सत्रह बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी। बिहार से गोल्डी कुमारी और सौरभ कुमार होंगे सम्मानित।

4. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान बक्सर, औरंगाबाद, पटना, लखीसराय और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।